(20)

कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./2023–24/391 दिनांक : 24/01/2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोटः–

''कृषि महाविद्यालय में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं का अभिविन्यास कार्यक्रम''

ग्वालियर। कृषि महाविद्यालय ग्वालियर में स्नातक (कृषि) डिग्री में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं का प्रेरण–सह–अभिविन्यास कार्यक्रम ''अभिनन्दन'' आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में रीती–नीति से व्यावहारिक एवं वैचारिक परिचय हेतु छात्रों को योग– ध्यान, रचनात्मक कलाओं, खेल–कूद सहित अन्य क्रियाकलाप की समावेष्टि की गयी जिसका उद्देश्य सर्वांगीण विकास एवं बौद्धिक उत्थान था। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय कुमार शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय में विद्यार्थियों के व्यावहारिक, वैचारिक, एवं सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में सफलता हासिल करें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के हर आयाम में सफलता हासिल करने के लिए अग्रिम बधाई भी दी। इस अवसर पर छात्र– छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कलाओं की प्रस्तुतियां भी दी गई ।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक नियम और विनियम, रैगिंग–निषेद नियमावली, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर आदि विषयों सम्बन्धी जागरूकता का संज्ञान लें तथा उन्होंने छात्रों को बढ़–चढ़ कर अध्ययन एवं पाठ्येतर गतिविधियों में शामिल होने का आवाहन किया।

इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. आर. के. पांड्या, डॉ. एस. के. त्रिवेदी एवं कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के अन्य प्राध्यापकगण भी मौजूद रहे। डॉ. एस. जी. तेलंग द्वारा धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया ।